उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के तीन-तीन स्टेशनों पर वर्चुअल कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

# मोदी लखनऊ वालों को आज देंगे गोमतीनगर स्टेशन की सौगात

**बदलता लखनऊ**

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। लखनऊवासियों को सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी विश्वस्तरीय गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के पहले फेज की सौगात देंगे। साथ ही लखनऊ में रेलवे क्रॉसिंगों पर जाम से निपटने के लिए 13 अंडरपास और दो ओवरब्रिज, डालीगंज और लखनऊ सिटी स्टेशन का भी लोकार्पण करेंगे। मल्हौर, मानकनगर व मोहनलालगंज रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प, यात्री सुविधाओं, नई ट्रेनों की शुरुआत और ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने जैसी सुविधाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करेंगे।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने रविवार को हजरतगंज स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि लखनऊ मंडल के कुल 24 अमृत स्टेशनों और रेलवे क्रॉसिंगों पर बनने वाले 41 ओवरब्रिज-अंडरपास का लोकार्पण किया जाएगा। इन जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्टेशनों के पुनर्विकास, अंडरपास, ओवरब्रिज के निर्माण पर कुल 1872 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें लखनऊ के तीन अमृत रेलवे स्टेशन शामिल हैं। 66.49 करोड़ रुपये से मल्हौर, मानकनगर व मोहनलालगंज स्टेशनों का कायाकल्प होगा। 367 करोड़ रुपये से 15 रेलवे क्रॉसिंगों पर अंडरपास, ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। कार्यक्रम में सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा व गतिशक्ति के एडीआरएम वीएस यादव उपस्थित रहे।

**24** स्टेशन, 41 ओवरब्रिज-अंडरपास लखनऊ मंडल के शामिल

**15** रेलवे क्रॉसिंगों पर अंडरपास, ओवरब्रिज 367 करोड़ से बनेंगे



लखनऊ का गोमती नगर रेलवे स्टेशन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हो चुका है।

## गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर 385 करोड़ खर्च

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं के मानक पर 385 करोड़ रुपर्य से विकसित किया जा रहा है। यहां पर छह प्लेटफॉर्म सहित बनाए गए हैं। हर प्लेटफॉर्म को कॉर्नकोर्स से जोड़ा गया है। स्वचालित सीढ़ियां और ढेरों यात्री सुविधाओं से लैस किया है। यात्रियों के आवागमन के लिए मुख्य द्वार को लोकार्पण के बाद खोल दिया जाएगा।

## इन 13 रेलवे क्रॉसिंगों पर बनेंगे अंडरपास

- लखनऊ-कानपुर की पिपरसंड-लुन्हा क्रॉसिंग
- गोडियाखेड़ा-लुन्हा क्रॉसिंग
- सुजानौर गढ़ी चुनौटी क्रॉसिंग
- लखनऊ-बाराबंकी रूट की पत्रकारपुरम क्रॉसिंग
- लखनऊ-सुलतानपुर रूट की डिबापुर-चौधरीखेड़ा क्रॉसिंग
- लखनऊ-कानपुर की कनौर रोड-पिपरसंड क्रॉसिंग
- आलमबाग-कनौसी रेलवे क्रॉसिंग
- लखनऊ-शुक्लागंज बाईपास
- कृष्णानगर-छपराखेड़ा क्रॉसिंग
- लताखेड़ा-पंडितखेड़ा क्रॉसिंग
- नादरगंज-समदर क्रॉसिंग
- अमौसी-खुर्रमपुर क्रॉसिंग
- पिपरसंड-गुल्लुखेड़ा क्रॉसिंग

## इन दो रेलवे क्रॉसिंगों पर ओवरब्रिज बनेंगे

- भरवारा-जगपालखेड़ा क्रॉसिंग
- उतरेठिया आलमनगर की पारा क्रॉसिंग

## डालीगंज स्टेशन नई यात्री सुविधाओं से लैस हुआ

डालीगंज स्टेशन को नई यात्री सुविधाओं से लैस किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ मैलानी खंड पर स्थित डालीगंज स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लगभग 17 करोड़ की लागत से अपग्रेड किया गया हैं। यहां से प्रतिदिन लगभग 1000 के करीब यात्रियों का आवागमन हो रहा है।

## लखनऊ सिटी स्टेशन आठ करोड़ की लागत से तैयार

लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन पर नई यात्री सुविधाओं के साथ ही पुरानी सुविधाओं को आठ करोड़ से अपग्रेड किया गया है। प्रवेश द्वार सुंदरीकरण, प्लेटफॉर्म अपग्रेडेशन, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्पले बोर्ड, डिजिटल घड़ियों, उद्घोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एसी आदि यात्री सुविधाएं शामिल हैं।

## कार्यक्रम को लेकर सीएम से मिले डीआरएम

लखनऊ के आधा दर्जन स्टेशनों पर पीएम की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग होगी। यह जानकारी उत्तर रेलवे के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने सीएम योगी से मुलाकात के दौरान दी। पीएम द्वारा यूपी में 554 रेलवे स्टेशनों और 1505 आरयूबी और आरओबी का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा।